रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-21112023-250186
CG-DL-E-21112023-250186

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 672] नई दिल्ली, मंगलवार, नवम्बर 21, 2023/कार्तिक 30, 1945
No. 672] NEW DELHI, TUESDAY, NOVEMBER 21, 2023/KARTIKA 30, 1945

## वित्त मंत्रालय

## (आर्थिक कार्य विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 2023

**सा.का.नि. 855(अ).**—केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**.- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का-निर्माण (संत मीरा बाई की 525वीं जयंती के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2023 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

**2. सिक्के का मूल्य वर्ग.–** संत मीरा बाई की 525वीं जयंती के अवसर पर केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में पांच सौ पच्चीस रुपये मूल्य वर्ग का सिक्का ढाला जाएगा।

**3. सिक्के की विमाएं और संरचना.–** नियम 2 में उल्लिखित उपरोक्त मूल्य वर्ग के सिक्के, निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :-

| सिक्के का मूल्य वर्ग | आकार और बाह्य व्यास | दांतेदारों किनारे की संख्या | धातु संरचना |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| पांच सौ पच्चीस रुपये | वृत्ताकार<br>44 मिलीमीटर | 200 | चतुर्थक मिश्र धातु<br>चांदी- 50 प्रतिशत<br>तांबा- 40 प्रतिशत<br>निकिल- 05 प्रतिशत<br>जस्ता- 05 प्रतिशत |

**4. डिज़ाइन.–** सिक्के का डिज़ाइन इन नियमों की पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट होगा।

**5. मानक वजन और अनुज्ञात उपचार.–** संत मीरा बाई की 525वीं जयंती के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए नियम 2 में निर्दिष्ट मूल्यवर्ग के ढाले गए सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

**प्रथम अनुसूची**

**(नियम 4 देखें)**

**पांच सौ पच्चीस रुपये**

**अग्र भाग:**

सिक्के के इस भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह स्तम्भ शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"525"** भी होगा ।

**पृष्ठ भाग:**

सिक्के के इस भाग के मध्य में संत मीरा बाई का चित्र होगा। सिक्के की उपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**संत मीरा बाई की 525वीं जयंती"** लिखा होगा। सिक्के की निचली परिधि पर अंग्रेजी में **525TH BIRTH ANNIVERSARY OF SAINT MEERA BAI** वर्णित होगा। सिक्के के बाईं ओर वर्ष "1498" और दाईं ओर वर्ष "2023", अंतर्राष्ट्रीय अंकों में लिखा होगा।

**दूसरी अनुसूची**

**(नियम 5 देखें)**

| सिक्के का मूल्यवर्ग | मानक वजन | अनुज्ञात उपचार | |
|---|---|---|---|
| | | धातु संयोजन में | मानक वजन में |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| पांच सौ पच्चीस रुपये | 35 ग्राम | चांदी के लिए 1/500वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् चांदी का अंश प्रति 1000 में 498 से 502 के बीच हो सकेगा। | 1/100वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् वजन 34.65 ग्राम से 45.35 ग्राम तक हो सकता है। |

[मि. सं. 02/38/2023-सिक्का]

अपर्णा भाटिया, सलाहकार

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Economics Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 21st November, 2023

**G.S.R. 855(E).—**In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely: -

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin to commemorate on the occasion of 525th Birth Anniversary of Saint Meera Bai**)** Rules, 2023.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coin.-** The coin of five hundred and twenty five rupees denomination shall be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government on the occasion of 525th Birth Anniversary of Saint Meera Bai**.**

3. **Dimension and composition of coin.** - The coin of the above denomination mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely: -

| Denomination of coin | Shape and outside diameter | Number of serrations | Metal composition |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| Five Hundred and Twenty Five Rupees | Circular<br>44 millimeter | 200 | Quaternary Alloy<br>Silver - 50 per cent.<br>Copper - 40 per cent.<br>Nickel - 05 per cent.<br>Zinc - 05 per cent. |

IndiaCode

4. **Design**.- The design of the coin shall be as specified in the First Schedule to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed.-** The standard weight of the coin of the denomination referred in rule 2 shall be coined to commemorate the occasion of 525th Birth Anniversary of Saint Meera Bai and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

**THE FIRST SCHEDULE**

**(See rule 4)**

**FIVE HUNDRED AND TWENTY FIVE RUPEES**

**OBVERSE:**

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagri script and on the right periphery with the word "**INDIA**" in English. It shall also bear the Rupee symbol "**₹**" and denominational value "**525**" in the international numerals below the Lion Capitol.

**REVERSE:**

This face of coin shall bear the image of Saint Meera Bai in the centre of the coin. The inscription "**संत मीरा बाई की 525वीं जयंती**" shall be written in Devnagari script on the upper periphery and the inscription **525TH BIRTH ANNIVERSARY OF SAINT MEERA BAI** in English is depicted on the lower periphery of the coin. The year "1498" on left side and the year "2023" on right side of the coin shall be written in international numeral.

**THE SECOND SCHEDULE**

**(See rule 5)**

| Denomination of coin | Standard weight | Remedy allowed | |
|---|---|---|---|
| | | In composition | In standard weight |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| Five Hundred and Twenty Five Rupees | 35 Grams | $1/500^{th}$ plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000. | $1/100^{th}$ plus or minus, that is to say the weight could be 34.65 grams to 35.35 grams. |

[F. No. 02/38/2023 – Coin]

APARNA BHATIA, Adviser

IndiaCode

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2023.11.21 19:54:58 +05'30'